Title: Need to repair National Highway No. 101 between Chhapra and Mohammadpur via Baniapur in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar - Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र महराजपुर से होकर वाया बनियापुर मार्ग विगत दिनों आई बाढ़ से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस संबंध में राट्रीय राजमार्गों को हुई क्षति के संबंध में मुझे सूचित किया गया कि बिहार में राट्रीय राजमार्गों को बाढ़ से हुई क्षति की तत्काल मरम्मत हेतु अगस्त 2001 को दो करोड़ रुपये जारी किये गये थे एवं इसके पश्चात राज्य सरकार द्वारा भेजे गये आंकलन के आधार पर 999.96 लाख रुपये के 22 प्राक्कलनों को अनुमोदित कर दिया गया, किंतु राट्रीय राजमार्ग 101 पर बाढ़ से हुई क्षति की मरम्मत हेतु राज्य सरकार से कोई प्राक्कलन नहीं प्राप्त हुआ है। इस संबंध में मैं सरकार को सूचित करना चाहूंगा कि मुख्य अभियन्ता राट्रीय राजमार्ग, पटना द्वारा अपने पत्रांक 48-ई.एस.एच. दिनांक 13.4.02 के माध्यम से इस कार्य का प्राक्कलन भेजा गया है।

आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि इस प्राक्कलन को स्वीकृति देते हुए इस पथ के निर्माण हेतु अविलम्ब राशि निर्मुक्त की जाए ताकि इस राजमार्ग की मरम्मत शीघ्र हो सके।

सभापति महोदय : आप जो लिखित पढ़ रहे हैं, केवल वही रिकार्ड में जाएगा, दूसरा कुछ नहीं जाएगा।